4

# प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया

**दिनांक–24.09.2021 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में प्रमंडलीय आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया द्वारा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पूर्णिया का निरीक्षण एवं पदाधिकारियों के साथ आहूत बैठक की कार्यवाही:–**

उपस्थिति:–

1. आयुक्त के सचिव, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।
2. क्षेत्रीय अपर निदेशक स्वास्थ्य सेवाएँ, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।
3. क्षेत्रीय उप निदेशक स्वास्थ्य सेवाएँ, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।
4. प्राचार्य, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पूर्णिया।
5. सिविल सर्जन, पूर्णिया।
6. अधीक्षक, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पूर्णिया।
7. क्षेत्रीय लेखा प्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, पूर्णिया।
8. जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्णिया।
9. अस्पताल प्रबंधक, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पूर्णिया।
10. प्रोजेक्ट मैनेजर, BMSICL

<u>निरीक्षण:–</u>

- सर्वप्रथम आयुक्त द्वारा C.T. Scan, एवं X-Ray सेवाओं का निरीक्षण किया गया तत्पश्चात् ओ0टी0 वार्ड एवं आई0सी0यू0 का निरीक्षण किया गया जो कार्यरत पाया गया।
- बच्चा वार्ड के निरीक्षण मे पाया गया कि वहाँ बच्चे इलाजरत थे। वार्ड में Ventilation की समुचित सुविधा नहीं पायी गयी। निरीक्षण में पाया गया कि इस वार्ड में एक ही चिकित्सक कार्यरत हैं जिससे इलाज में असुविधा हो रही है। HDU में चार बेड में से एक ही बेड कार्य के योग्य थे।

  **निदेश:–Ventilation की व्यवस्था के साथ AC लगाने का निदेश दिया गया। HDU के बाँकि तीन बेड को कार्यरत बनाने हेतु निदेशित किया गया साथ ही इस वार्ड में आवश्यकतानुसार चिकित्सकों की उपलब्धता पर भी जोर दिया गया।**
- आकस्मिक विभाग (Emergency Ward) के निरीक्षण के क्रम में एक मरीज इलाजरत पाये गये, उपस्थित चिकित्सक से मरीज के बारे में पूछताछ किया गया। तत्पश्चात् आकस्मिक चिकित्सक कक्ष का भी निरीक्षण किया गया।

  **निदेश:–निदेश दिया गया कि आकस्मिक वार्ड काफी महत्वपूर्ण है इसलिए यहाँ पदस्थापित कर्मी एवं चिकित्सक को हमेशा अपने दायित्व के प्रति प्रतिबद्ध रहना होगा।**
- मोडर्न लेबर रूम (प्रसव कक्ष) का निरीक्षण किया गया जहाँ प्रसव कक्ष के अंतर्गत सभी प्रकार की सेवाएँ सुचारू रूप से संचालित पाया गया तथा मरीज भी इलाजरत थे।

  **निदेश–प्रसव कक्ष में साफ–सफाई का सम्पूर्ण ध्यान एवं कचड़ा का प्रबंधन वैज्ञानिक तरीके से करने हेतु निदेशित किया गया।**

➢ SNCU के निरीक्षण के क्रम में सभी रेडियन वार्मर में क्षमता से अधिक बच्चे भर्ती पाये गये। जिसमें दो बच्चे काफी गंभीर रूप से बीमार थे।

**निदेश–गंभीर रूप से बीमार दोनों बच्चे पर विशेष ध्यान रखने का निदेश दिया गया साथ ही क्षमता से अधिक बच्चे होने के कारण बेड को बढ़ाने के लिए विभाग से पत्राचार करने हेतु निदेशित किया गया।**

## चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के नव निर्माणाधीन भवन का निरीक्षणः–

चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के नव निर्माणाधीन भवन के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि अबतक लगभग 65 प्रतिशत भवन का ही निर्माण संपन्न हो पाया है। नव निर्माणाधीन भवन के अंतर्गत ACADEMIC BLOCK(G+6), HOSPITAL (B+G+5), BOYS HOSTEL (G+2), GIRLS HOSTEL (G+2), INTERN BOYS (G+6), INTERN GIRLS (G+4), JR RESIDENT HOSTEL (G+3), NURSE HOSTEL (G+1), DIRECTORS RESIDENCE (G+1) धर्मशाला, SHOPPING ARCADE इत्यादि सम्मिलित है। Boys और Girls के लिए 60:40 के अनुपात में बेड की व्यवस्था की गयी है।

**निदेशः–पुराने भवन को ध्वस्त करने से पहले दवाईयों के रख–रखाव के लिए मेडिकल स्टोर्स, मरीजों के लिए समुचित व्यवस्था करने पर जोर दिया गया। चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में आवागमन का द्वार परिसर के उत्तर एवं दक्षिण में क्रमशः स्टेट हाईवे एवं नेशनल हाईवे से जुड़े होने के कारण अतिव्यस्त रहते हैं जिससे प्रायः दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इससे बचने के लिए आवागमन हेतु अन्य विकल्प की भी व्यवस्था पर भी जोर दिया गया और सड़क किनारे अतिक्रमण को तत्काल हटाने हेतु जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से पत्राचार करने का निदेश दिया गया।**

## चिकित्सा विभाग के वरीय पदाधिकारियों के साथ समन्वय बैठकः–

निरीक्षण कार्यक्रम पूर्ण करने के उपरांत वरीय पदाधिकारियों के साथ समन्वय बैठक प्रारंभ की गयी। बैठक के क्रम में उपस्थित पदाधिकारियों (चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के प्राचार्य, अधीक्षक, सिविल सर्जन एवं प्रोजेक्ट मैनेजर BMSICL) द्वारा उठाये गये विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत वार्ता की गयी। वार्ता के क्रम में पाया गया कि नव निर्माण हेतु पुराने कार्यरत सदर अस्पताल के भवन को ध्वस्त करने से पहले अस्पताल के रूग्न कार्यक्रम एवं इससे जुड़ी सभी सेवाओं की वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए।

आयुक्त के द्वारा सभी उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण एवं संचालन सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसे प्राथमिकता के रूप में लेते हुए पुराने अस्पताल को ध्वस्त करने से पहले रोगियों के इलाज की व्यवस्था एवं उससे जुड़ी सभी सेवाओं की वैकल्पिक व्यवस्था कर ली जाय। इस क्रम में इलाजरत रोगियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका ध्यान रखा जाय।

**निदेशः–क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ को निदेश दिया गया कि राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य, अधीक्षक एवं सदर अस्पताल के सिविल सर्जन के साथ महाविद्यालय निर्माण एवं अस्पताल की रूग्न कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने एवं अन्य समस्याओं के समाधान हेतु शीघ्र समन्वय बैठक कर समस्याओं के निदान हेतु मन्तव्य के साथ विभाग को प्रतिवेदित करते हुए अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत करायेंगे।**

<u>बैठक में अन्य निम्न महत्वपूर्ण निदेश भी दिये गये:–</u>

- जल निकासी एवं कचरा के प्रबंधन हेतु आधुनिक तकनीक के उपयोग पर बल दिया गया, ताकि भविष्य में इस संबंध में कोई भी गंभीर समस्या उत्पन्न न हो।
- चिकित्सा महाविद्यालय में आवागन हेतु आगमन एवं निकासी द्वार के साथ वाहनों के आवागमन के लिए भी व्यवस्था करने हेतु निदेशित किया गया।
- ऐम्बुलेंस एवं अन्य वाहनों के पार्किंग हेतु सुदृढ़ एवं विस्तृत व्यवस्था करने हेतु निदेशित किया गया।
- चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के आस–पास अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन से शीघ्र पत्राचार करने का निदेश दिया गया।
- नव निर्मित भवन के आस–पास के Scrap (रद्दी) के निष्पादन हेतु त्वरित कार्रवाई का निदेश दिया गया।
- विभागीय पत्र के आलोक में सदर अस्पताल की व्यवस्था अन्यत्र करने हेतु विभाग से पत्राचार के लिए निदेश दिया गया।
- NHM के कार्यरत कर्मी के वेतन भुगतान एवं स्थापना के संबंध में विभाग से पत्राचार करते हुए अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने हेतु निदेशित किया गया।

**अनुपालनः–क्षेत्रीय अपर निदेशक स्वास्थ्य सेवाएँ, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया, क्षेत्रीय उप निदेशक स्वास्थ्य सेवाएँ, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया, प्राचार्य, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पूर्णिया, अधीक्षक, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पूर्णिया, प्रोजेक्ट मैनेजर, BMSICL एवं महाविद्यालय के सभी वार्ड के प्रभारी पदाधिकारी।**

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

25.9.21

**आयुक्त,**
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक 2332 दिनांक 25/9/21

प्रतिलिपि :–प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :–जिला पदाधिकारी/पुलिस अधीक्षक, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :–क्षेत्रीय अपर निदेशक स्वास्थ्य सेवाएँ/क्षेत्रीय उप निदेशक स्वास्थ्य सेवाएँ, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया/प्राचार्य एवं अधीक्षक, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पूर्णिया/प्रोजेक्ट मैनेजर, BMSICL को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

25.9.21

**आयुक्त,**
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

O/C